3	Gonda	Bahraich Road	Messers. Awadh Ply Wood.
4	Meerut	Partapur	Messrs. Star Rubbers Private Limited, A-4, In- Estate.
5	Muzaffar Nagar	Partapur	Messrs Mulop Foundries Private Limited, Industrial Estate.

(No.S-38017(34)/72-H.I)

का० आ० 2040—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 73च द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के श्रम और रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना संख्या का० आ० 1143 तारीख 22 फरवरी, 1971 के क्रम में केन्द्रीय सरकार इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट कारखानों की उक्त अनुसूची के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट उत्तर प्रदेश राज्य के ऐसे क्षेत्रों में, जिसमें उक्त अधिनियम के अध्याय 4 और 5 के उपबन्ध प्रवृत्त नहीं है, अवस्थिति को ध्यान में रखते हुए उक्त कारखानों को उक्त अधिनियम के अध्याय 5क के अधीन अंशदायीय नियोजक के विशेष आभदाय के संदाय से उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ती की तारीख से एक वर्ष का और अवधि के लिए या तब तक के लिए जब तक कि उक्त अधिनियम के अध्याय 5 के उपबन्ध उन क्षेत्रों में प्रवृत्त नहीं हो जाते, जो भी पहले हो, एतद्द्वारा छूट देती है।

अनुसूची

क्रम संख्या	जिले का नाम	क्षेत्र का नाम	कारखाने का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	आगरा	पीरा खर	मैसर्स आगरा स्टील कारपोशन
2	एटा	कासगज	मैसर्स तायल स्टील रोलिग मिल्स, सरी गेट
3	गौंडा	बहराइच रोड़	मैसर्स अवध स्लाईवड
4	मेरठ	परतापुर	मैसर्स स्टार रबर प्राइवेट लिमिटेड ए-4, इडास्ट्रयल एस्टेट
5	मुज्जफर नगर	परतापुर	मैसर्स म्यलाप फाउंड्रोज प्राइवेट लिमिटे, इडस्ट्रियल एस्टेट

[सं० फा० एस-38017(34)/72-एच आई]

S.O. 2041.—In exercise of the powers conferred by section 79F of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34 of 1948), and in continuation of the notification of the Government of India in the Ministry of Labour and Rehabilitation (Department of Labour and Employment) No. S.O. 3052 dated the 31st July, 1971, the Central Government, having regard to the location of the factories specified in column (4) of the Schedule hereto annexed in areas specified in column (3) of the said Schedule in the State of Bihar in which the provisions of Chapters IV and V of the said Act are not in force, hereby exempts the said factories from the payment of employer's special contribution leviable under Chapter VA of the said Act for a further period of one year from the 31st May, 1972 upto and inclusive of the 30th May, 1973 or until the enforcement of provisions of Chapter V of the said Act in those areas, whichever is earlier.

SCHEDULE

S. No.	Name of District	Name of Area	Name of factory
1	2	3	4
1	Bhagalpur	Barahgama Sultanganj	Messrs Ajanta Stone Works at Barahgama, Amarpur Messrs Bihar Khadi Gramodhog Sang, Saranjain Karavalaya.
2	Champaran	Sagauli	Messrs Bajrang Saw Mitl, Post Sagauli.
3	Dhanbad	Govindpur Mohuda	Messrs Laxmi Steel Industries, Post Office, Govindpur Messrs Bihar Cement Products.
4	Hazaribagh	Hirodih	Messrs Gayday Iron Steel Company Limited, Post Office Hirodih.
5	Mongayr	Sheikhpura	Messrs Chandi Birdaban Stone Works, Station Road.
6	Patna	Bikram Biharsharif	Messrs Foot Wear Factory, Post Office Bikram. Messrs Vividh Engineering Works.
7	Shahbad	Mohania	Messrs Agarwal and Company.

(No.S-38017(38)/72-HI)

DALJIT SINGH, Under Secy.

का० आ० 2041—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 73 च द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के श्रम, और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 3052 तारीख 31 जुलाई, 1971 के क्रम में केन्द्रीय सेरकार इससे पाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट कारखानों में की उक्त अनुसूची के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट बिहार राज्य के ऐसे क्षेत्रों में जिसमें उक्त अधिनियम के अध्याय 4 और 5 के उपबन्ध प्रवृत्त नहीं हैं, अवस्थिति को ध्यान मे रखते हुए, उक्त कारखानों को उक्त अधिनियम के अध्याय 5 क के अधीन उद्ग्रहणीय नियोजक के विशेष अभिदाय के संदाय से 31 मई, 1972 से 30 मई, 1973 तक, जिसमें वह दिन भी सम्मिलित है, एक वर्ष की और अवधि के लिए या तब तक के लिए जब तक कि उक्त अधिनियम के अध्याय 5 के उपबन्ध उन क्षेत्रों में प्रवृत्त नहीं हो जाते, इनमें से जो भी पहले हो उसके लिए, एतदद्वारा छूट देती है ।

अनुसूची

क्रम संख्या	जिले का नाम	क्षेत्र का नाम	कारखाने का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	भागलपुर	बराहगामा	मैसर्स अजन्ता स्टोन वर्क्स, बराहगामा, अमरपुर
		सुल्तानगंज	मैसर्स बिहार खादी ग्रामोद्योग संघ, संरजन कार्यालय
2	चम्पारन	सगौली	मैसर्स बजरंग सा मिल, डाकघर, सगौली
3	धनबाद	गोबिन्दपुर	मैसर्स लक्ष्मी स्टील इंडस्ट्रीज, डाकघर, गोबिंदपुर
		मोहदा	मैसर्स बिहार सीमेन्ट प्राडक्टस
4	हजारीबाग	हिरोडीह	मैसर्स गे डे आयरन स्टील कम्पनी लिमिटेड, डाकघर, हिरोडीह
5	मुंगेर	शेखपुरा	मैसर्स चण्डी बिरवाबम स्टोन वर्क्स, स्टेशन रोड
6	पटना	बिक्रम	मैसर्स फ्रूट बियर फैक्टरी, डाकघर, बिक्रम
		बिहार शरीफ	मैसर्स विविध इंजीनियरिंग वर्क्स
	[illegible] ;	मोहनिया	मैसर्स अग्रवाल एण्ड कम्पनी

[सं० का० एस-38017(38)/72-एफ० आई०]

दलजीत सिंह अवर सचिव।

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 18th May, 1972

S.O. 2642.—An account of all sums received into and paid out of the Personal Injuries (Compensation Insurance) Fund for the year 1970-71 is hereby published in the prescribed form:—

Account of sums received into and paid out of the Personal Injuries (Compensation Insurance) Fund during the year ending 31st March, 1971.

RECEIPTS.			EXPENDITURE.		
	Amount	Progress of receipts upto the end of 1970-71.		Amount	Progress of expenditure upto the end of 1970-1971.
1	2	3	4	5	6
	Rs.	Rs.		Rs.	Rs.
1. Advances of premium.	6,299·13	70,93,635·33	1. Compensation under the Personal Injuries (Compensation Insurance) Scheme.	..	..
2. Advances from General Revenues under Section 12(3).	..	..	2. Remuneration and expensions of Government Agents of and cost of forms.	39,425·00	5,43,559·84

1	2	3	4	5	6
3. Miscellaneous Receipts .	..	..	3. Expenses of the staff employed to do the work in the States and at the Headquarters of the Central Government. . .	..	56,390·12
			4. Expenses of the additional staff employed to cope with the audit and accounting arrangements.	..	..
			5. Repayments of advances made under Clause 12 of the Personal Injuries (Compensation Insurance) Scheme. . .	..	..
			6. Miscellaneous Expenditure (showing details if necessary.		
	6,299·13	70,93,635·33		39,425·00	5,99,949·96

[No. S-19019(1)/72-FAC]

LALFAK ZUALA, Under Secy.

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 18 मई, 1972

का० आ० 2042.—शारीरिक क्षति (प्रतिकर बीमा) निधि में प्राप्त और उससे प्रदत्त सभी रकमों का 1970-71 वर्ष के लिए लेखा एतद्द्वारा विहित प्रपत्र में प्रकाशित किया जाता है :—

शारीरिक क्षति (प्रतिकर बीमा) निधि में 31 मार्च, 1971 के समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान प्राप्त और उसमें से प्रदत्त रकमों का लेखा ।

प्राप्तियां			व्यय		
	रकम	1970–71 के अन्त तक प्राप्तियों की प्रगति		रकम	1970–71 के अन्त तक व्यय की प्रगति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	रु०	रु०		रु०	रु०
1. प्रिमियम का उधार	6,299.13	70,93,635.33	(1) शारीरिक क्षति (प्रतिकर बीमा) स्कीम के अधीन प्रतिकर ।	—	—
2. धारा 12–(3) के अधीन साधारण राजस्व से उधार	—	—	(2) सरकारी अभिकर्ता के पारिश्रमिक और व्यय और प्रपत्रों पर खर्च ।	39,425.00	5,43,559.84
3. प्रकीर्ण प्राप्तियां	—	—	(3) राज्यों में और केन्द्रीय सरकार के मुख्यालय में काम करने के लिए नियोजित कर्मचारीवृन्द का व्यय ।	—	56,390.12

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	रु०	रु०		रु०	रु०
			(4) लेखा परीक्षा और लेखा-व्यवस्थाओं का काम चलाने के लिए नियोजित अतिरिक्त कर्मचारीवृन्द का व्यय ।	—	—
			(5) शारीरिक क्षति (प्रतिकर बीमा) स्कीम के खण्ड 12 के अधीन दिए गए उधारों की वापसी अदायगियां ।	—	—
			(6) प्रकीर्ण व्यय (आवश्यक हो तो विवरण दर्शाते हुए) ।	—	—
	6,299.13	70,93,635.33		39,425.00	5,99,949.96

[सं० एस-19019(1)/72-फैक०]

लालफ़क जोला, अवर सचिव ।

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 19th May 1972

S.O. 2043.—In exercise of the powers conferred by sub-sections (1) and (2) of section 8 of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of 1948), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Dock Workers (Regulation of Employment) Rules, 1962, namely:—

1. This Rule may be called the Dock Workers (Regulation of Employment) Amendment Rules, 1972.

2. In the Dock Workers (Regulation of Employment) Rules, 1962, to sub-rule (3), of rule 7 the following proviso shall be added, namely:—

"Provided that the decision of the Board on any question may also be considered if the Chairman so directs, by circulation of the necessary papers to every member of the Board and if there is no unanimity of decision on any question in circulation, the said question shall be placed before the Board for its decision."

[No. F. S-65012/2/71-P&D.]

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 19 मई, 1972

का०आ० 2043.—डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 8 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) नियम, 1962 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1 (1) ये नियम डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) संशोधन नियम, 1972 कहे जा सकेंगे ।

(2) डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) नियम, 1962 के नियम 7 मे, उपनियम 3 के साथ निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

"परन्तु यदि अध्यक्ष ऐसा निदेश दे तो किसी भी प्रश्न पर बोर्ड के विनिश्चय पर बोर्ड के प्रत्येक सदस्य को आवश्यक कागजात के परिचालन द्वारा विचार किया जा सकता है और यदि परिचालन में के किसी प्रश्न पर विनिश्चय एक मत से न हो तो उक्त प्रश्न को बोर्ड के सामने उसके विनिश्चय के लिए रखा जाएगा ।

[संख्या एस-65012(2)/71-पी०एंड डी०]

New Delhi, the 24th May 1972

S.O. .—In exercise of the powers conferred by sub-sections (3) and (4) of section 5A of the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948 (9 of

1948), the Central Government hereby appoints Shri C. R. Govindarajan, General Manager, Madras Port Trust, as a member of the Madras Dock Labour Board for a period of 31 days with effect from the 11th May, 1972 to the 10th June, 1972, *vice* Shri R. Balasubramanian proceeded on leave and makes the following amendment in the Notification of the Government of India in the Ministry of Labour and Rehabilitation (Department of Labour and Employment) No. S.O. 169(E), dated the 25th February, 1972, namely:—

In the said Notification,—

(1) under the heading "Members representing the Central Government", in item (1), for the words "Shri R. Balasubramanian, Chairman, Madras Post Trust", the words "Shri C. R. Govindarajan, General Manager, Madras Port Trust", shall be substituted;

(2) in paragraph 2, for the words "Shri R. Balasubramanian", the words "Shri C. R. Govindarajan", shall be substituted;

[No. F.54/5/69-Fac.II/P&D.]

O. P. TALWAR, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 24 मई, 1972

का०आ० 2044.—डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 5-क की उपधाराओं (3) और (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री सी० आर० गोविन्दराजन, महा प्रबंधक, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट, को श्री आर० बालासुब्रामणियन, जो छुट्टी पर गए हैं, के स्थान पर 11 मई, 1972 से 11 जून, 1972 तक 31 दिन की अवधि के लिए ; मद्रास डाक श्रम बोर्ड के सदस्य के रूप में नियुक्त करती है और भारत सरकार के श्रम और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना संख्या का० आ० 169(ई०), तारीख 25 फरवरी, 1972 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में :—

(1) मद (1) में शीर्षक "केन्द्रीय सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य" के अन्तर्गत "श्री आर० बालासुब्रामणियन, अध्यक्ष, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट," शब्दों के स्थान पर "श्री सी० आर० गोविन्दराजन, महाप्रबंधक, मद्रास पोर्ट ट्रस्ट" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे ।

(2) पैरा 2 में "श्री आर० बालासुब्रामणियन" शब्दों के स्थान पर "श्री सी० आर० गोविन्दराजन" शब्द प्रतिस्थापित किए जायेंगे

[संख्या फा० 54/5/69-फैक०-2/पी० एंड डी०]

ओ० पी० तलवाड़, उप सचिव ।

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 10th May 1972

S.O. 2045.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 27 of the Payment of Bonus Act, 1965 (21 of 1965), the Central Government hereby makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Department of Labour and Employment) No. S.O. 1870 dated the 1st May, 1969, namely:—

In the Table attached to the said notification (i) in the entries against item III, in column 2, for the existing entries, the following entries shall be substituted, namely:—

"The States of West Bengal (Excluding the Districts of Burdwan, Birbhum and Purulia) Assam, Meghalaya, Nagaland, Manipur, Tripura and the Union Territories of Andaman and Nicobar Islands and Arunachal Pradesh.";

(ii) in the entries against item IV, in column 2 for the existing entries, the following entries shall be substituted namely:—

"The States of Tamil Nadu and Kerala and the Union territories of Pondicherry and Laccadive Minicoy and Amindive Islands";

(iii) in the entries against item VI, in column 2 for the existing entries, the following entries shall be substituted; namely:—

"The States of Uttar Pradesh, Punjab, Haryana, Himachal Pradesh and Jammu and Kashmir and the Union territories of Delhi and Chandigarh.";

(iv) in the entries against item VII, in column 2, the words "excluding Singhbhum District" shall be omitted;

(v) in the entries against item XI, in column 2, the words "and Singhbhum District of Bihar" shall be omitted.

[No. S.33012/18/71-WB.]

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 10 मई, 1972

का० आ० 2045.—बोनस संदाय अधिनियम, 1965 (1965 का 21) की धारा 27 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा भारत सरकार के श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना स० का० आ० 1870 तारीख 1 मई, 1969 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना से संलग्न सारणी में—

(i) मद III के सामने की प्रविष्टियों में, स्तंभ 2 में, विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"पश्चिमी बंगाल (बर्दवान, बीरभूम और पुरुलिया जिलों को छोड़कर), असम, मेघालय, नागालैंड मणिपुर, त्रिपुरा राज्य और अन्दमान और निकोबार द्वीप समूह और अरुणाचल प्रदेश संघ राज्य क्षेत्र ।"

(ii) मद IV के सामने की प्रविष्टियों में, स्तंभ 2 में विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :—

"तमिल नाडु और केरल राज्य तथा पांडीचेरी और लंकाद्वीप, मिनिकोय और अमिनदीवद्वीपसमूह;

(iii) मद VI के सामने की प्रविष्टियों में, स्तभ 2 में विद्यमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरयाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर राज्य तथा दिल्ली और चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र ;",

(iv) मद VII के सामने की प्रविष्टियों में, स्तंभ 2 में, "सिंहभूम जिले को छोड़कर" शब्द लुप्त हो जाएंगे ;

(v) मद XI के सामने की प्रविष्टियों में, स्तभ 2 में, "और बिहार का सिंहभूम जिला" शब्द लुप्त हो जाएंगे ।

[सं० एस०-33012/18/71-डब्ल्यू० बी०]

New Delhi, the 3rd June 1972

S.O. 2046.—Whereas the Central Government is of opinion that the minimum rates of wages should be fixed under the Minimum Wages Act, 1948 (11 of 1948) in respect of employment in Graphite Mines covered under the Mines Act, 1952 (35 of 1952).

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 27 of the said Act, and in supersession of the notification of the Government of India, in the Ministry of Labour and Rehabilitation (Department of Labour and Employment) No. 3409 dated the 4th August, 1971, the Central Government hereby gives notice of its intention to add the said employment in Part I of the Schedule to the said Act.

Any suggestions or objections which may be received from any person in respect of the said addition before the expiry of four months from the date of its publication in the official Gazette, will be considered by the Central Government.

[No. LWI-I-2(23)/67-WE(MW).]

नई दिल्ली, 3 जून 1972

का० आ० 2046.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) के अन्तर्गत आने वाली ग्रेफाईट खानों में नियोजन के बारे में मजदूरी की न्यूनतम दरें न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) के अधीन नियत की जाने चाहिए ।

अतः, अब, उक्त अधिनियम की धारा 27 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के श्रम और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 3409 तारीख 4 अगस्त, 1971 को अधिक्रांत करते हुए केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की अनुसूची के भाग 1 में उक्त नियोजन को जोड़ने के अपने आशय की सूचना, एतद्द्वारा देती है ।

उक्त जोड़ने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से इसके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 4 मास की समाप्ति से पूर्व प्राप्त सुझावों या आक्षेपों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा ।

[सं० एल डब्ल्यू आई-1/2(23)/67-डब्ल्यू ई (एमडब्लू)]

S.O. 2047.—Whereas the Central Government is of opinion that the minimum rates of wages should be fixed under the Minimum Wages Act, 1948 (11 of 1948) in respect of employment in Silica Mines covered under the Mines Act, 1952 (35 of 1952).

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 27 of the said Act, and in supersession of the notifications of the Government of India in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (Department of Labour and Employment) Nos. S.O. 858 dated the 20th January, 1971 and S.O. 3697 dated the 14th September, 1971, the Central Government hereby gives notice of its intention to add the said employment in Part I of the Schedule to the said Act.

Any suggestions or objections which may be received from any person in respect of the said addition before the expiry of four months from the date of its publication in the official Gazette, will be considered by the Central Government.

[No. LWI.I-2(34)/67-WE(MW).]

का० आ० 2047.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) के अन्तर्गत आने वाली सिलीका खानों में नियोजन की बाबत मजदूरी की न्यूनतम दरें न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (1948 का 11) के अधीन नियत की जानी चाहिए ।

अतः, अब, उक्त अधिनियम की धारा 27 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय (श्रम और रोजगार विभाग) की अधिसूचना सं० का० आ० 858 तारीख 20 जनवरी, 1971 और का० आ० 3897 तारीख 14 सितम्बर, 1971 को अधिक्रांत करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की अनुसूची के भाग 1 में उक्त नियोजन को जोड़ने के अपने आशय की सूचना देती है ।

उक्त जोड़ने के बारे में किसी व्यक्ति से जो आक्षेप या सुझाव इसके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से 4 मास समाप्त होने के पूर्व प्राप्त होंगे उन पर केन्द्रीय सरकार विचार करेगी ।

सं० एल डब्ल्यू आई-1/2(34)/67-डब्ल्यू ई (एम डब्ल्यू)

New Delhi, the 24th June 1972

S.O. 2048.—The following proposals made by the Central Government in exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 3, read with clause (iii) of sub-section (1) of section 4 of the Minimum Wages Act, 1948 (11 of 1948), for fixing the minimum rates of wages as specified in column 2 of the Schedule, annexed hereto, payable to the categories of the employees employed in employments in China Clay, Clay and White Clay Mines, as specified in the corresponding entries in column 1 of the said Schedule, are hereby published, as required by clause (b) of sub-section (1) of section 5 of the said Act, for information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said proposals will be considered after the expiry of three months from the date of the publication of this notification in the Gazette of India.

Any objection or suggestion which may be received from any person with respect to the said proposals before the said period will be duly considered by the Central Government.

SCHEDULE

Classification of work	Minimum rates of wages per day
1	2
China Clay, Clay and White Clay Mines	
	Rs. P.
Unskilled	
Mazdoor (Male and Female), Loader, Sweeper, Cleaner, Chowkidar, Coollie, Earth cutter, Khalasi, other categories by whatever name called which are unskilled.	3·50 per day
Semi-skilled or unskilled supervisory	
Mukadams, Mate, Cook, Oilman, Pump-khalasi, Attendant, Miner Priest, Gardner, Helper, Supervisory fireman, Breaker, Head chowkidar, Creche Aya, Non-matriculate clerical employee, other categories by whatever name called which are semi-skilled.	4·65 per day
Skilled .	
Blacksmith, Carpenter, Tailor, Mason, Electrician, Geologist, Mine supervisor, Driver, Pump operator or Driver, Clay press or drying and refining workers, Supervisor Foreman, other categories by whatever name called which are skilled.	7·00 per day
Clerical	
Cashier, Accountant, Clerk, Timekeeper, Store keeper, Store attendant, Record keeper, Register keeper, Munshi, Typist, Steno, other categories by whatever name called which are clerical.	7·00 per day

Explanation

1. (a) *Unskilled* work is one which involves simple operations requiring little or no skill or experience on the job.

(b) *Semi-skilled* work is one which involves some degree of skill or competence required through experience on the job and which is capable of being performed under the supervision or guidance of skilled employee, and includes unskilled supervisory work.

(c) *Skilled* work is one which involves skill of competence acquired through experience on the job or through training as an apprentice or in a technical or vocational institute and the performance of which calls for initiative and judgement.

2. The minimum rates of wages are all inclusive rates and include also the wages for weekly day of rest.

3. Where essential commodities at concessional rates are supplied to employees, the exmployers may, if they so desire, approac h the Central Government to get the cash value of the concessions duly computed by the competent authority.

[No. S-32019(5)/72-WE(MW)]

HANS RAJ CHHABRA, Under Secy.

नई दिल्ली, 24 जून 1972

का० आ० 2048.—न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (1948 का 11) की धारा 4 की उपधारा (1) के खण्ड (iii) के साथ पठित धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तम्भ 2 में यथाविनिर्दिष्ट उन मजदूरियों की न्यूनतम दरें नियत करने के लिए, जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 1 में तत्संबन्धी प्रविष्टियों में यथा विनिर्दिष्ट चीनी मिट्टी, चिकनी मिट्टी और श्वेत मिट्टी खानों के नियोजनों में नियोजित कर्मचारी प्रवर्गों को संदेय हैं, किए गए निम्नलिखित प्रस्ताव, उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा यथा अपेक्षित, उनसे संभाव्यतः प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किए जाते हैं और एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त प्रस्तावों पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीन मास की समाप्ति के पश्चात् विचार किया जाएगा ।

उक्त प्रस्तावों के संबन्ध में किसी भी व्यक्ति से उक्त अवधि की समाप्ति से पूर्व प्राप्त होने वाले आक्षेपों या सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रूप से विचार किया जाएगा ।

अनुसूची

काम का वर्गीकरण	प्रति दिन मजदूरी की न्यूनतम दरें
1	2
चीनी मिट्टी, चिकनी मिट्टी और श्वेत मिट्टी खानें	
	रु० पै० प्रतिदिन
अकुशल :	
मजदूर (पुरुष और नारी) लोडर, झाड़ूकश, क्लीनर, चौकीदार, कुली, भूमि काटने वाला, खलासी किसी भी नाम से कहलाने वाले अन्य ऐसे प्रवर्ग, जो अकुशल किस्म के हैं।	3.50

1	2
	रु० पै०
अर्धकुशल या अकुशल पर्यवेक्षकीय	
मुकादम, मेट, रसोइया, आयल मैन, पम्प खलासी, परिचर, खनिक, पुजारी, माली, सहायक, पर्यवेक्षकीय फायरमैन, ब्रेकर, मुख्य चौकीदार, शिशु कक्ष आया, गैर-मैट्रिकुलेट लिपिक कर्मचारी, किसी भी नाम से कहलाने वाले अन्य प्रवर्ग, जो अर्धकुशल किस्म के हैं।	4.65
कुशल	
लोहकार, काष्ठकार, दर्जी, राजमिस्त्री, बिजली-मिस्त्री, भूविज्ञानी, खान पर्यवेक्षक, चालक, पम्प प्रचालक या चालक, चिकनी मिट्टी बदाने वाला या सुखाने वाला और परिकरण कर्मकार, पर्यवेक्षक फोरमैन, किसी भी नाम से कहलाने वाले अन्य प्रवर्ग, जो कुशल किस्म के हैं।	7.00
लिपिकीय	
रोकड़िया, लेखापाल, लिपिक, समयपाल, भंडारी, भंडार परिचर, अभिलेखपाल, रजिस्टरपाल, मुन्शी, टाइपिस्ट, आशुलिपिक, किसी भी नाम से कहलाने वाले अन्य प्रवर्ग, जो लिपिकीय हैं।	7.00

स्पष्टीकरण

(क) **अकुशल** काम वह है जिसमें साधारण संक्रियाएं अन्तर्वलित हों और जिसे करने के लिए थोड़ी सी कुशलता या अनुभव का होना या कुशलता या अनुभव का बिल्कुल ही न होना अपेक्षित हो।

(ख) **अर्धकुशल** काम वह है जिसमें कुशलता या क्षमता की कुछ मात्रा अन्तर्वलित हों, जिसे काम पर अनुभव द्वारा प्राप्त किया जाए, और जो किसी कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण या मार्गदर्शन में किया जा सके तथा इसमें अर्धकुशल पर्यवेक्षकीय काम सम्मिलित है।

(ग) **कुशल** काम वह है जिसमें कुशलता या क्षमता अन्तर्वलित हो, पर अनुभव द्वारा या शिशु के रूप में या किसी तकनीकी या व्यवसायिक संस्थान में प्रशिक्षण द्वारा प्राप्त किया जा सके और जिसके करने में पहले और विवेक बुद्धि की आवश्यकता हो।

2. मजदूरी की न्यूनतम दरें सर्वसमावेशी दरें हैं और इसमें विश्राम के साप्ताहिक दिन की मजदूरी भी सम्मिलित है।

3. जहां कि कर्मचारियों को आवश्यक वस्तुएं रियायती दरों पर दी जाती हैं वहां, नियोजक, यदि चाहे तो, केन्द्रीय सरकार से सक्षम प्राधिकारी द्वारा सम्यक रूप से संगणित रियायतों का नकदी मूल्य पाने के लिए कह सकता है।

[सं० एस-32019(5)/72-डब्ल्यू ई (एम डब्ल्यू)]

हंस राज छाबड़ा, अवर सचिव।

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 16th May 1972

S.O. 2049.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 83 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952), the Central Government hereby exempts the following categories of persons employed by the Oil and Natural Gas Commission in the Electrologging Section of that Organisation, from the provisions of sub-sections (1) and (2) of section 30 of the said Act:—

1. Geophysicist Assistant—Senior.
2. Draftsman Grade I
3. Winchman-cum-driver
4. Truck Drivers.
5. Assistant Store Keeper.
6. Technical Bearers.
7. Khalasis.

[No. S.29014/4/72-MI.]

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 16 मई, 1972

का०आ० 2049.—खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 83 की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग द्वारा संगठन के इलैक्ट्रोलागिंग अनुभाग में, नियोजित व्यक्तियों के निम्नलिखित प्रवर्गों को उक्त अधिनियम की धारा 30 की उपधाराओं (1) और (2) के उपबंधों से छूट देती है :—

1. भूभौतिकीविद सहायक—ज्येष्ठ
2. नक्शानवीस श्रेणी I
3. विंचमैन एवं चालक
4. ट्रक चालक
5. सहायक भंडारी
6. तकनीकी वाहक
7. खलासी

[सं० एस० 29014(4)/72-एम०आई]

New Delhi, the 1st June 1972

S.O. 2050.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 11 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952), and in supersession of the notification of the Government of India in the late Ministry of Labour No. S.R.O. 1135, dated the 23rd May, 1955, the Central Government hereby appoints the following medical officers of the Directorate General of Mines Safety, being qualified medical practitioners, to be certifying surgeons for the purposes of the said Act for all the mines in the whole of India:—

(1) Deputy Director of Mines Safety (Industrial Hygiene).

(2) Assistant Director of Mines Safety (Industrial Hygiene) Grade I, posted in any Zone or Region of the Directorate General of Mines Safety.

(3) Assistant Director of Mines Safety (Industrial Hygiene) Grade II, posted in any Zone or Region of the Directorate General of Mines Safety.

[No. S. 29013/4/72-MI.]

नई दिल्ली, 1 जून, 1972

का० आ० 2050—खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 11 उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार के भूतपूर्व श्रम मंत्रालय की तारीख 23 मई, 1955 की अधिसूचना सं० का० नि० आ० 1135 को अतिष्ठित करते हुए, केन्द्रीय सरकार खान सुरक्षा महा निदेशालय के निम्नलिखित चिकित्सा अधिकारियों को अर्हित चिकित्सा व्यवसायी होने के कारण सम्पूर्ण भारत की सभी खानों के लिए, उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ एतद्द्वारा प्रमाणकर्ता सर्जन नियुक्त करती है :—

(1) खान सुरक्षा उपनिदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य)

(2) खान सुरक्षा सहायक निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य) श्रेणी 1, जो खान सुरक्षा महानिदेशालय के किसी भी अंचल या क्षेत्र में तैनात हो।

(3) खान सुरक्षा सहायक निदेशक (औद्योगिक स्वास्थ्य श्रेणी 2, जो खान सुरक्षा महानिदेशालय के किसी भी अंचल या क्षेत्र में तैनात हो।

[सं० एस० 29013/4/72-एम० आई०]

S.O. 2051.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952), the Central Government hereby appoints Shri B. N. Singh as Inspector of Mines subordinate to the Chief Inspector of Mines.

[No. A. 35021/2/72-MI.]

का० आ० 2051.—खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री बी० एन० सिंह को मुख्य खान निरीक्षक के अधीन खान निरीक्षक के रूप में नियुक्त करती है।

[संख्या ए० 35021/2/72-एम०-1]

ORDERS

New Delhi, the 4th March 1972

S.O. 2052.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the Central Bank of India and their workmen in respect of the matter specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal, No. 2, Bombay, constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of the Central Bank of India in terminating the services of Shri B. K. Shrimali, Peon-cum-Watchman at Dhulia Branch of the Bank was justified? If not, to what relief is he entitled?"

[No. L-12012/48/71-LR.III.]

आदेश

नई दिल्ली, 4 मार्च 1972

का० आ० 2052.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में सैंट्रल बैंक आफ इंडिया से सम्बन्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निदर्शित करना वांछनीय समझती है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7—क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, सं० 2 बम्बई को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

क्या सैंट्रल बैंक आफ इंडिया के प्रबन्ध तंत्र को बैंक के धुलिया शाखा के श्री बी० के० श्रीमाली, चपरासी-एवम्-चौकीदार, की सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही न्यायोचित थी? यदि नहीं, तो वह किस अनुतोष का हकदार है?

[सं० एल—12012/48/71-एल० आर० III]

New Delhi, the 6th March 1972

S.O. 2053.—Whereas the employers in relation to Canara Bank and their workmen represented by the Canara Bank Employees' Union, 135, Moore Street, Madras-1 have jointly applied to the Central Government for reference of an industrial dispute that exists between them to an Industrial Tribunal in respect of the demand set forth in the said application and reproduced in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government is satisfied that the persons applying represent the majority of each party;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 7A and sub-section (2) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby constitutes an Industrial Tribunal of which Thiru K Seetharama Rao shall be the Presiding Officer, with headquarters at Madras and refers the said dispute for adjudication to the said Tribunal.

SCHEDULE

"(1) Whether the readjustment of salaries and emoluments of Sri P. N. Balaji, Sri K. Ratnakar and Shri A. Habib Rehman on their transfers to Chennimalai, Gangully and Palni respectively is justified. If not, to what relief these employees are entitled?

(2) Whether readjustment of salaries and emoluments of Sri U. Bhaskar Shenoy on his transfer in terms of option exercised by him under the Settlement dated the 11th August, 1967 is justified, if not, to what relief he is entitled?"

[No. L-12025/3/72-LRIII.]

नई दिल्ली, 6 मार्च, 1972

का०आ० 2053.—यतः कनारा बैंक से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों जिनका प्रतिनिधित्व कनारा बैंक एम्पलाईज़ यूनियन, 135 मूर स्ट्रीट, मद्रास-1, करती है, ने उस औद्योगिक विवाद को, जो आवेदन में उपवर्णित और इससे उपाबद्ध अनुसूची में उद्धृत मांग के बारे में उनके बीच विद्यमान है, एक औद्योगिक अधिकरण को निर्देशित करने के लिए केन्द्रीय सरकार को संयुक्त रूप से आवेदन किया है ।

और यतः केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो गया है कि आवेदन करने वाले व्यक्ति प्रत्येक पक्ष की बहुसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं ;

अतः अब औद्योगिक विवाद; अधिनियम, 1957 (1957 का 14) की धारा 7-क और धारा 10 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा एक औद्योगिक अधिकरण गठित करती है, जिस पीठासीन अधिकारी श्री थिरू के सीथाराम राव होंगे जिनका मुख्यालय मद्रास में होगा और उक्त विवाद को उक्त औद्योगिक अधिकरण को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

1. क्या श्री पी०एन० बाला जी, श्री के० रत्नाकर और श्री ए० हबीब रहमान के क्रमशः चेन्नीमलाई, गांगुली और पालनी से उनके स्थानान्तरण पर उनके वेतनों और उपलब्धियों का पुनः समायोजन न्यायोचित है। यदि नहीं तो ये कर्मचारी किस अनुतोष के हकदार हैं।

2. क्या श्री यू० भास्कर शिनोय के, तारीख 11 अगस्त, 1967 वाले समझौते के अधीन उसके द्वारा दिए गए विकल्प के अनुसार उसके स्थानान्तरण पर उसके वेतन और उपलब्धियों का पुनः समायोजन न्यायोचित है। यदि नहीं तो वह किस अनुतोष के हकदार हैं ?

[सं० एल०-12025/3/72-एल० आर० II]

New Delhi, the 10th March 1972

S.O. 2054.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the Central Bank of India and their workmen in respect of the matter specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication, to the Industrial Tribunal, Calcutta constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of the Central Bank of India, Calcutta in stopping from October, 1970, the payment of Daftry Allowance to Shri Sobhnath Singh No. 1, (recipient of the said allowance from November, 1966) is justified? If not, to what relief is he entitled?"

[No. L. 12012/112/71/LRIII.]

B. K. SAKSENA, Under Secy.

नई दिल्ली, 10 मार्च, 1972

का० आ० 2054.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इस के उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारेमें भारतीय सेन्ट्रल बैंक से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है ;

और यतः, केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है ;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियमम 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खंड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण कलकत्ता को न्याय-निर्णयन के लिए निर्देशित करती है ।

अनुसूची

"क्या अक्टूबर 1971 से श्री शोभनाथ सिंह स0 1 को (जो नवम्बर 1966 से दफ्तरी भत्ता पा रहा था) उस भत्ते का संदाय करना रोक देने का भारतीय सेन्ट्रल बैंक प्रबंधमंडल की कारवाई न्यायोचित है ? यदि नहीं तो वह किस अनुतोष का हकदार है ?"

[सं० एल-12012/112/71०-एल० आर० III]

बी० के० सक्सेना, अवर सचिव

(Department of Labour and Employment)

New Delhi, the 7th June 1972

S.O. 2055.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 of the Mines Act, 1952 (35 of 1952), the Central Government hereby appoints Shri J. J. Naik, Welfare Administrator-cum-Secretary under the Iron Ore Mines Labour Welfare Fund Organisation to be in Inspector of Mines subordinate to the Chief Inspector of Mines.

[No. Z/20025/8/71-M.IV.]

R. K. SRIVASTAVA, Under Secy.

(श्रम और रोजगार विभाग)

नई दिल्ली, 7 जून 1972

का० आ० 2055.—खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, लौह अयस्क खान श्रम निधि संगठन के अधीन कल्याण प्रशासक एवं सचिव, श्री जे० जे० नायक को एतद्द्वारा खानों के मुख्य निरीक्षक के अधीनस्थ खान निरीक्षक नियुक्त करती है ।

[सं० जेड/20025/8/71-एम० IV]

आर० के० श्रीवास्तव, अवर सचिव

(Department of Labour and Employment)

ORDER

New Delhi, the 16th December 1971

S.O. 2056.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the Shantikhani, Bellampalli Division of Singareni Collieries Company Limited, Post Office Bellampalli (Andhra Pradesh), and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 7A and clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby constitutes an Industrial Tribunal with Shri P. S. Ananth, as Presiding Officer, with headquarters at Afzal Lodge, Tilak Road, Ramkote, Hyderabad-1, and refers the said dispute for adjudication to the said Industrial Tribunal.

SCHEDULE

"Taking all the circumstances of this case into consideration is the management of Shantikhani, Bellampalli Division of Singareni Collieries Company Limited, justified in laying off without wages the following fillers of Gang Nos. 13 and 14 on the 15th and the 16th April, 1971 respectively? If not, to what relief are the said workmen entitled?

1. Shri Lingam Chandriah.
2. Shri Boddula Chandriah.
3. Shri Pasikanti Rayamalloo.
4. Shri Jamme Odeloo.
5. Shri Thotapalli Ankuloo.
6. Shri Kambala Gurvaiah.
7. Shri Chedipalli Mallaiah.
8. Shri Akkapaka Mallaiah.
9. Shri Katam P. Posham.
10. Shri Akunuri Posham.
11. Shri Buddarthi Gattaiah.
12. Shri Morapaka Lingiah.
13. Shri Erkala Rayamallu.
14. Shri Kasthuri Sammaiah.
15. Shri Bathula Rajam.
16. Shri Puttapaka Iylaiah.
17. Shri Dongeri Buchaiah.
18. Shri Edla Mallaiah.
19. Shri Kollabathula Rayamaloo.
20. Shri Kkula Venkaty.
21. Shri Bommedi Bheemaiah.
22. Shri Kasarla Mallaiah.
23. Shri Oddi Komaraiah.
24. Shri Akula Posham.
25. Shri Chinthapuri Posham.
26. Shri Gaddam Sammaiah.
27. Shri Kampalli Rajam.
28. Shri S. K. Ali.
29. Shri Mittapalli Laxmaiah.
30. Shri Sabbani Muthaiah.
31. Shri Engala Rayamalloo.
32. Shri Bejjanki Rajam.
33. Shri Kadari Madanaiah.
34. Shri Ravula Laxmaiah.
35. Shri Dwarka Prasad.
36. Shri Ande Komaraiah.
37. Shri Oddi Komaraiah.
38. Shri Pendala Rajam.
39. Shri Durgam Rajam.
40. Shri Saliganti Rajam.
41. Shri Ranga Mallaiah.
42. Shri Manda Rayalingoo.
43. Shri Kadari Madanaiah.
44. Shri Bejjanki Rajam.
45. Shri Engala Rayamaloo.
46. Shri Sabbani Muthaiah.
47. Shri Mittapalli Laxmaiah.
48. Shri S. K. Ali.
49. Shri Kampalli Rajam.
50. Shri Renelli Lingaiah.
51. Shri Ande Komaraiah.
52. Shri Perka Lingaiah.
53. Shri Jangapalli Rayaratham.
54. Shri Ankam Bondyaloo.
55. Shri Keerthi Posham.
56. Shri Gogarla Rayamalloo.
57. Shri Gaddam Sammaiah.
58. Shri Chintapuri Posham.
59. Shri Akula Posham.
60. Shri Oddi Komaraiah.
61. Shri Kasarla Mallaiah.
62. Shri Bommidi Bheemaiah.
63. Shri Akula Venkaty.
64. Shri Kollabathula Rayamloo.
65. Shri Edla Mallaiah.
66. Shri Dongari Buchaiam.
67. Shri Puttapaka Iylaiah.
68. Shri Bathula Rajam.
69. Shri Pasikauti Lingaiah.
70. Shri Kasthuri Lingaiah.
71. Shri Erkala Rayamaloo.
72. Shri Morapaka Lingaiah.
73. Shri Jaguta Posham.
74. Shri Kotipalli Lingaiah."

[No. L/2111/571-LRII.]

(श्रम और रोजगार विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 1971

का० आ० 2056.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में सिंगरेनी कोलियरीज कम्पनी लिमिटेड शान्तिखनी, बेलमपल्ली प्रभाग, डाकघर बेलमपल्ली (आंध्र प्रदेश) से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 7-क और धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा एक औद्योगिक अधिकरण गठित करती है जिसके

पीठासीन अधिकारी श्री पी० एस० आनन्थ होंगे, जिनका मुख्यालय अफज़ल लाज, तिलक मार्ग, रामकोटे हैदराबाद-1 होगा और उक्त विवाद को उक्त औद्योगिक अधिकरण को न्यायनिर्णयन के लिए निदेशित करती है।

अनुसूची

"इस मामले की सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए क्या सिंगरेनी कोलियरीज़ कम्पनी लिमिटेड के शान्तिखनी, बेलमपल्ली प्रभाग, के प्रबन्धमण्डल का दल संख्या 13 और 14 के निम्नलिखित फ़िल्लरों को क्रमश: 15 और 16 अप्रल, 1971 को बिना मजदूरी दिए, उनकी कामबन्दी कर देना न्यायोचित है? यदि नहीं, तो उक्त कर्मकार किस अनुतोष के हकदार हैं?"

1. श्री लिंगम चन्द्रैयाह
2. श्री बोड्डुला चन्द्रैयाह
3. श्रीपासीकान्ती रायामाल्लू
4. श्री जाम्मे ओडेलू
5. श्री थोटापाल्ली अंकुल
6. श्री कामबाला गुरवैयाह
7. श्री चेडीपल्ली मल्लैयाह
8. श्री अक्कापाका मल्लैयाह
9. श्री कातम पी० पोशाम
10. श्री आकुनुरी पोशम
11. श्री बुड्डार्थी गाटेयाह
12. श्री भोरापाका लिंगैयाह
13. श्री एर्काला रायामाल्लू
14. श्री कास्युरी साम्मैयाह
15. श्री बाथुला राजाम
16. श्री पुट्टापाका इलैयाह
17. श्री डोंगेरी बुचयाह
18. श्री एद्ला माल्लैया
19. श्री कोल्लाबायुला रायामालू
20. श्री आकुला वेंकाटी
21. श्री बोम्मेदी भीमैयाह
22. श्री कासारला माल्लैयाह
23. श्री आड्डी कोमारैयाह
24. श्री आकुला पोशम
25. श्री विंथापुरी पोशम
26. श्री गाड्डम साम्मैयाह
27. श्री कामपल्ली राजम
28. श्री के० के० अली
29. श्री मिट्टापल्ली लक्समैयाह
30. श्री साब्बानी मुथैयाह
31. श्री एंगाला रायामाल्लू
32. श्री बेज्जांको राजाम
33. श्री कादारी मदनैयाह
34. श्री राबुला लक्समैयाह
35. श्री द्वारका प्रसाद
36. श्री अंदे कोमारैयाह
37. श्री ओड्डी कोमारैयाह
38. श्री पेंडाला राजम
39. श्री दुर्गम राजम
40. श्री सालीगान्नी राजम
41. श्री रंगा मल्लैयाह
42. श्री मेंडा रायालिंगू
43. श्री कादारी मदनैयाह
44. श्री बेजूजान्की राजम
45. श्री एनगाला रायामाल्लू
46. साब्बानी मुथैयाह
47. श्री मिट्टापल्ली लक्समैयाह
48. श्री एस० के० अली
49. श्री कामपल्ली राजम
50. श्री रेनेल्ली लिंगैयाह
51. श्री अंदे कोमारैयाह
52. श्री पर्का लिंगैयाह
53. श्री जांगापल्ली रायाराथाम
54. श्री अंकम बोंदयालू
55. श्री कीर्थि पोशाम
56. श्री गोगरला रायामाल्लू
57. श्री गद्दम सम्मैयाह
58. श्री चितापुरी पोशाम
59. श्री अकुला पोशम
60. श्री ओडी कोमारैयाह
61. श्री कासारला मल्लैयाह
62. श्री बोम्मिडी भीमैयाह
63. श्री आकुला वेंकाटी
64. श्री कोल्लाबाथुला रायामालू
65. श्री एदला माल्लैयाह
66. श्री डांगरी बुचैयाम
67. श्री पुट्टापाका इलैयाह
68. श्री बाथुला राजम
69. श्री पासीकोटी लिंगैयाह
70. श्री कास्थरी लिंगैयाह
71. श्री एरकाला रायामालू
72. श्री मोरापाका लिंगैयाह
73. श्री जागृता पोशम
74. श्री कोटीपल्लो लिंगैयाह।"

[संख्या एल-2111/5/71-एल० आर० 2]

New Delhi, the 29th December 1972

S.O. 2057.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the management of Nag's Kajora Jambad Colliery, Post Office Ukhra, District Burdwan and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal, Calcutta, constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Nag's Kajora Jambad Colliery, Post Office Ukhra, District Burdwan to stop Shri Montu Mukherjee from working as Explosive Carrier at the Colliery with effect from the 14th July, 1971, is justified? If not, to what relief is the said workman entitled?"

[No. L/1912/101/71-LRII.]

नई दिल्ली, 29 दिसम्बर 1971

का० आ० 2057.—यतः, केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में नाग की कजोरा जामबाद कोलियरी, डाकघर उखड़ा, जिला बर्दवान के प्रबन्ध से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः, केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिये निर्देशित करना वांछनीय समझती है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कलकत्ता को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

"क्या नाग की कजोरा जामबाद कोलियरी, डाकघर उखड़ा, जिला बर्दवान के प्रबन्ध मण्डल की श्री मोंटू मुकर्जी को कोलियरी में एक्सप्लोसिव कैरियर के रूप में 14 जुलाई, 1971 काम से रोकने की कार्यवाही न्यायोचित है ? यदि नहीं, तो उक्त कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है ?"

[संख्या एल/1912/101/71-एल०आर-2]

New Delhi, the 6th January 1972

S.O. 2058.—Whereas the Central Government is of opinion that industrial dispute exists between the employers in relation to the management of Chirimiri Colliery, Post Office Chirimiri, District Surguja, and their workmen in respect of the matters specified in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur, constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the demand of the workmen of Chirimiri Colliery that they should be paid Variable Dearness Allowance as per recommendations of the Wage Board for the Coal Mining Industry is justified? If so, to what relief the workmen are entitled?"

[No. L/2211/16/71-LRII.]

नई दिल्ली, 6 जनवरी, 1972

का० आ० 2058.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में निर्दिष्ट विषयों के बारे में चिरीमिरी कोलियरी, डाकघर चिरीमिरी, जिला सुरगुजा के प्रबन्ध मण्डल से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है ;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निदेशित करना वांछनीय समझता है;

अतः, अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण जबलपुर, को न्यायनिर्णय लिए निदेशित करती है

अनुसूची

"क्या चिरीमिरी कोलियरी के कर्मकारों की यह मांग कि उन्हें कोयला खनन उद्योग सम्बन्धी मजदूरी बोर्ड की सिफारिशों के अनुसार परिवर्ती मंहगाई भत्ता दिया जाना चाहिए न्यायोचित है ? यदि नहीं तो कर्मकार किस अनुतोष के हकदार हैं ?"

[संख्या एल-2211/16/71-एल० आर०-2]

New Delhi, the 13th January 1972

S.O. 2059.—Whereas the Central Government is opinion that an industrial dispute exists between employers in relation to the management of Messrs. Chewgule and Company Private Limited, Mormugoa Harbour, Goa and their workmen in respect of the matters specifide in the Schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desidable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal (No. 2), Bombay constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Messrs. Chowgule and Company Primate Limited, Mormugao Harbour, in terminating the services of the workman Shri Anand S. Vernekar, trainee in Electrical department Palletisation Plant, Pale Mines in their letter No. STAFF/TL/53, dated the 27th June, 1969 and consequently not offering him the post of Charge hand in the grade of Rs. 300—15—390—20—510 after the completion of the training period was justifiable? If not, to what relief is the workman entitled?

[No. L-29012/22/71-LRIV.]

नई दिल्ली, 13 जनवरी, 1972

का० आ० 2059.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में मैसर्स चोगले एंड कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, मोरमुगाओ हारबोर, गोआ के प्रबन्ध से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है;

और यतः केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वांछनीय समझती है ;

अतः, अब औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकारण, (संख्या 2) बम्बई को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है।

अनुसूची

"क्या मैसर्स चोगुले एण्ड कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, मोरमुगाओ हारबार के प्रबन्ध मण्डल की उनके पत्र संख्या स्टाफ/टी०एल०/53,तारीख 27 जून, 1969 के द्वारा श्री आनन्द एस० वरनेकर, पेलमाइन्स की पाल्लेटाइजेशन प्लाट के बिजली विभाग में प्रशिक्षार्थी की सेवा समाप्त करने और परिणामतः प्रशिक्षण की अवधि पूरी हो जाने के बाद उसे 300-15-390-20-510 के ग्रेड में चार्ज हैंड के पद की पेशकश न करने की कार्यवाही न्यायोचित है? यदि नहीं, तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है ?

[संख्या एल/29012/22/71-एल० आर० 4]

New Delhi, the 29th January 1972

S.O. 2060.—Whereas the Central Government is of opinion that an industrial dispute exists between the employers in relation to the management of Gazdhar Kajora Colliery of Messrs Gazdhar Kajora Coal Mines Limited, Post Office Kajoragram, District Burdwan and their workmen in respect of the matters specified in the schedule hereto annexed;

And whereas the Central Government considers it desirable to refer the said dispute for adjudication;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by clause (d) of sub-section (1) of section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby refers the said dispute for adjudication to the Central Government Industrial Tribunal, Calcutta, constituted under section 7A of the said Act.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Gazdhar Kajora Colliery of Messrs Gazdhar Kajora Coal Mines Limited, Post Office Kajoragram, Burdwan, in stopping from work Shri Sunil Kumar Nandi, Mechanical Fitter, Mazdoor with effect from the 22nd October, 1970, by invoking the provisions of Standing Order 10(f) of the Certified Standing Orders of the establishment, is justified? If not, to what relief is the workman entitled?"

[No. L/1912/77/71-LRII.]

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 1972

का०आ० 2060.—यतः केन्द्रीय सरकार की राय है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट विषयों के बारे में मैसर्स गजधर काजोरा कोल माईन्स लिमिटेड की गजधर काजोरा कोलियर, डाकघर काजोरा ग्राम जिला बर्दवान के प्रबन्ध से सम्बन्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच एक औद्योगिक विवाद विद्यमान है ;

और यतः, केन्द्रीय सरकार उक्त विवाद को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करना वाछंनीय समझती है ;

अतः अब, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 10 का उपधारा (1) के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उक्त विवाद को उक्त अधिनियम की धारा 7-क के अधीन गठित केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कलकत्ता को न्यायनिर्णयन के लिए निर्देशित करती है ।

अनुसूची

